गुरुवार

22 दिसम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





भोजपुर में मां के लिए दवा लेकर जा रहे पुलिस जवान की दुर्घटना में मौत 3




प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अपील... कोरोना अभी गया नहीं है, सतर्क रहें

- चीन, जापान समेत कुछ देशों में तेजी से फैल रहा कोरोना
- एहतियात नहीं बरते तो गंभीर हो सकते हैं हालात
- कोरोना से बचने के लिए टीकों की तीसरी डोज अनिवार्य

**एजेंसी/नई दिल्ली**

चीन, जापान, अमेरिका समेत कुछ देशों में एक बार फिर सिर उठा रहे कोरोना को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसके बाद मंडाविया ने कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है। सभी संबंधित पक्षों को इसे लेकर सतर्क व सावधान रहना है। सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे सतर्क रहें और निगरानी को मजबूत करें। हम किसी भी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। डॉ. मनसुख मंडाविया ने भारतीय SARS-CoV-2 INSACOG नेटवर्क के माध्यम से वेरिएंट को ट्रैक करने के लिए पॉजिटिव केस सैंपल के पूरे जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए निगरानी प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया, ताकि देश में चल रहे नए वेरिएंट का समय पर पता लगाया जा सके।



उधर, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कहा कि कोरोना टीकों की तीसरी या ऐहतियाती खुराक अनिवार्य है। इसे सभी को लेना चाहिए। भीड़भाड़ वाली जगह मास्क पहनने की सलाह भी दी गई है।

## चीन वाले वेरिएंट के 3 केस भारत में मिले

चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के लिए जिम्मेदार ओमीक्रोन के सब-वेरिएंट बीएफ.7 के तीन मामले भारत में भी सामने आए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर ने भारत में बीएफ.7 के पहले मामले का पता लगाया था। अब तक गुजरात से दो मामले, जबकि ओडिशा से एक मामला सामने आया है।

## 27-28 फीसदी लोगों ने ही ली तीसरी खुराक

बैठक में शामिल नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने बताया कि देश के सिर्फ 27-28 फीसदी लोगों ने अभी कोरोना टीकों की ऐहतियाती या तीसरी खुराक लगवाई है। हम अन्य सभी से, खासकर बुजुर्गों से अपील करते हैं कि वे यह डोज लें। यह खुराक अनिवार्य है और सभी के लिए निदेर्शित है। लोग कोरोना से बचने के लिए विशेष सावधानी जरूर बरतें।

## भीड़-भाड़ वाली जगह पर मास्क पहनें

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल ने बुधवार को लोगों को टीका लेने तथा भीड़-भाड़ वाली जगह पर मास्क पहनने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने की अपील की। पॉल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की ओर से विश्व स्तर पर और विशेष रूप से चीन में कोविड के मामलों में वृद्धि के बीच आयोजित एक समीक्षा बैठक के बाद यह बयान दिया।

## देश के हवाईअड्डों पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिये जा रहे जांच के नमूने

दुनियाभर में बढ़ रहे मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों की मानें तो देश के हवाईअड्डों पर यानी 21 दिसंबर से कोविड-19 के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग शुरू हो गई है। चीन समेत विभिन्न देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कोविड-19 जांच के लिए औचक तरीके से नमूने लिए जाएंगे। इस बीच, कोरोना के पॉजिटिव मामलों की जीनोम सीक्वेंसिंग फिर से शुरू की गई है। केंद्र सरकार के आदेश के बाद दिल्ली के लोकनायक और आईएलबीएस अस्पताल में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पाजिटिव सैंपलों को जुटाया जा रहा है।

# अपराध को होने से पहले रोकना पुलिस की प्राथमिकता: डीजीपी

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के नए डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी ने आते के साथ ही अपना अंदाज दिखाते हुए काम करने का स्टाइल बता दिया है। जिस रूप के लिए वह जाने जाते हैं, उसी मोड में बुधवार को राज्य के तमाम पुलिस अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की। इसमें भट्टी ने साफ कहा कि अपराधियों को दौड़ाना होगा। उन्हें चैन से नहीं बैठने देना होगा। अगर वह चैन से रहेंगे तो पुलिस चैन से नहीं रहेगी। अगर पुलिस उन्हें नहीं दौड़एगी तो अपराधी पुलिस को दौड़ाएंगे।

**अपराधियों के एक्टिव गैंग को मार्क कर मूवमेंट पता रखिए:** डीजीपी ने थानेदारों को ही नहीं, बल्कि एसपी समेत तमाम पुलिस अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अब व्यक्तिगत रूप से वह हर अपराध की जानकारी रखेंगे। हर उस थाने में जाएंगे, जहां क्राइम ज्यादा होगा। हर उस जिले में जाकर बैठक करेंगे, जहां पुलिस का इकबाल कमजोर नजर आएगा। भट्टी ने अपने तेवर के अनुसार साफ कर दिया कि आने वाले समय में जो पुलिस अधिकारी अपराधियों को लेकर लापरवाही बरतेंगे या अनुसंधान में लापरवाही करेंगे, वह उनकी नजर में रहेंगे। उन्होंने पुलिस को वर्किंग स्ट्रैटजी दी, जिसके तहत क्राइम को होने से पहले रोकना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के एक्टिव गैंग को मार्क कीजिए, अपराधियों की प्रोफाइल रखकर उनके मूवमेंट का पता रखिए। पहला लक्ष्य यही होना चाहिए कि अपराध को योजना के स्तर पर ही रोक देना है।

**डीजीपी भट्टी की खरी-खरी**

- जो पुलिस अधिकारी लापरवाही बरतेंगे, वह नजर में रहेंगे
- साफ कहा कि अपराधियों को दौड़ाना होगा, उन्हें चैन से नहीं बैठने देना होगा

## जबरन केस में नाम डालने की परंपरा अब नहीं चलेगी

उन्होंने केस-केस की लड़ाई के बिहार के ट्रेंड के मद्देनजर कहा कि पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करते समय यह ध्यान रखना होगा कि सही आरोपी का ही नाम प्राथमिकी में आए। जबरन किसी से बदला लेने के लिए प्राथमिकी में नाम डालने की कोशिश हर स्तर पर रोकनी होगी। इससे केस उलझता है और सही केस पर काम भी नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा, मैंने जिम्मेदारी संभालते ही जिलों में घूमने का प्लान बनाया है, जल्द ही निकलूंगा। उस समय पुलिस अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और थानों के साथ पुलिस लाइन की भी समस्याएं देखूंगा। समाधान के रास्ते निकालूंगा। लेकिन, प्राथमिकता अपराध नियंत्रण है।

## खबरें फटाफट

### मणिपुर में दो स्कूल बस पलटी, सात छात्रों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार को दो स्कूल बस के पलट जाने से सात छात्रों की मौत हो गई। इस दौरान 40 अन्य घायल भी हुए हैं। दुर्घटना राज्य की राजधानी इंफाल से करीब 55 किलोमीटर दूर पहाड़ी जिले के लोंगसाई इलाके के पास ओल्ड कछार रोड पर हुई। जानकारी के मुताबिक, थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र दो बसों में नोनी जिले के खौपुम के वार्षिक स्कूल अध्ययन दौरे पर गए। जिस बस में छात्राएं सफर कर रही थीं, चालक के नियंत्रण खो देने के बाद वह पलट गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतक छात्रों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे।

### अमृता फडणवीस ने मोदी को नए भारत का 'राष्ट्रपिता' बताया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए भारत का 'राष्ट्रपिता' बताया है। नागपुर में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अब देश में दो 'राष्ट्रपिता' हैं। अमृता ने पिछले साल भी पीएम मोदी को राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया था। इस बारे में उनसे पूछने पर अमृता ने जवाब दिया कि महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और प्रधानमंत्री मोदी नए भारत के राष्ट्रपिता हैं।

### एयरपोर्ट पर बिना बैग से निकाले हो जाएगी लैपटॉप की स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट पर लैपटॉप, मोबाइल फोन और चार्जर को स्क्रीनिंग से पहले बैग से निकालने और रखने की वजह से हवाई यात्रियों की लंबी कतार लग जाती है और इसमें यात्रियों का काफी समय बर्बाद होता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि एयरपोर्ट्स पर जल्द ही ऐसे नए स्कैनर्स लगाए जाएंगे, जिससे यात्री बगैर अपने बैग से लैपटॉप निकाले प्रवेश पा सकेंगे। गौरतलब है कि अब तक लैपटॉप को बैग से निकालकर एक्सरे मशीन में रखना पड़ता है। मगर दावा किया जा रहा है कि नई स्क्रीनिंग मशीनों के आने से जांच के लिए लैपटॉप को बैग से निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## सीएम ने सामुदायिक भवन और प्रकाश पुंज पर्यटक केंद्र का किया उद्घाटन

# बोले नीतीश... देश के किस हिस्से में लोग शराब पीकर नहीं मरते हैं?

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना सिटी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मालसलामी स्थित छह तल्ला नव निर्मित ओपी साह सामुदायिक भवन और प्रकाशपुंज पर्यटक केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी पटना जिलाधिकारी चंद्रशेखर प्रसाद समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है की गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व में देश विदेश से आने वाले सिख श्रद्धालुओं के जत्थे के घूमने और ठहरने की पूरी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि सामुदायिक भवन बनने से पटना सिटी वासियों को शादी विवाह और अनेक तरह के पार्टी फंगसन के लिए दूसरे स्थान नही जाना पड़ेगा। लोगों को सारी सुविधाएं इसी सामुदायिक भवन में ही मिल जाएगी।



शराबबंदी को लेकर विपक्ष द्वारा हंगामा किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गलत है। सबकी सहमति से शराबबंदी लागू की गई है। कोई जहरीली शराब पीकर मरता है तो यह हमलोग और प्रचारित करवा रहे हैं कि देखो क्या हाल होता है शराब पीने के बाद, अगर इस तरह से पीयोगे तो मरोगे देश के कौन-से हिस्से में लोग शराब पीकर नहीं मरते हैं? संविधान को जान लीजिए। एक-एक चीज को जान लीजिए कि शराबबंदी लागू करना किसका अधिकार है। सारा कुछ देखकर ही यहां शराबबंदी कानून लागू किया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम यहां पर आई है तो दूसरे राज्यों में जो लोग मरे हैं उनको देखने गई है क्या? क्या यहीं केवल घटना घटी है? यहां तो बहुत कम घटना घटी है। जिसके द्वारा निर्मित शराब पीकर लोग मरेंगे हैं उसी से वसूली करके देने का प्रोविजन बना हुआ है।

### हमलोग कोरोना को लेकर सक्रिय, लगातार हो रहा टीकाकरण: नीतीश

कोरोना से संबंधित प्रश्न को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जांच और टीकाकरण सबसे अधिक बिहार में हो रहा है। अभी देश में भी स्थिति सामान्य है। हमलोग हर जगह लगातार जांच कराते रहे हैं। देशभर में 10 लाख पर केवल 6.50 लाख जांच हुई है जबकि बिहार में 8 लाख से ज्यादा जांच हुई है। हमलोग कोरोना को लेकर अभी भी सक्रिय हैं। देश में कोरोना घटते जा रहा है और कुछ ही राज्यों में थोड़ा-थोड़ा है लेकिन अब इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। कोरोना को देखते हुए भाजपा द्वारा कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को बंद करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग यात्रा कर रहे हैं, सबको यह अधिकार है। हर पार्टी के लोग यात्रा करते हैं। भाजपा वाले खुद भी तो यात्रा करते हैं।

## भोजन की बर्बादी रोकने की स्कूलों में हो पढ़ाई: चौबे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से कहा है कि युवा छात्रों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए स्कूल के पाठ्यक्रम में 'भोजन की बर्बादी की रोकथाम' पर एक अध्याय शामिल किया जाए। यह जानकारी बुधवार को खाद्य और उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने संसद में दी। अश्विनी चौबे ने लोकसभा में अपने लिखित जवाब में कहा कि सरकार ने भोजन की बर्बादी के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए मीडिया के जरिये प्रचार अभियान चलाया है।

# नीतीश कुमार के खिलाफ भाजपा का धरना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में जहरीली शराब से मौत को लेकर सियासत जारी है। विधानसभा में भाजपा के सभी विधायक और एमएलसी नीतीश कुमार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। इस दौरान बीजेपी नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने नीतीश कुमार पर विधानसभा में लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया है। विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बुधवार सुबह 11.15 से धरना शुरू हुआ। विधानसभा में प्रतीक चिह्न के रूप में बनाए गए बोधि वृक्ष के नीचे सभी विधायक और विधान परिषद सदस्य धरने पर बैठ गए। भाजपा विधायक जहरीली शराब कांड के मृतकों को मुआवजा नहीं दिए जाने और मुख्यमंत्री नीतीश की ओर से इनकी मौत पर मातम नहीं मनाने के फैसले का विरोध कर रहे हैं।




**'सरकार संरक्षित नरसंहार' के पोस्टर के साथ प्रदर्शन:** पूर्व कृषि मंत्री और राजद विधायक सुधाकर सिंह ने सारण जहरीली शराब कांड को सरकार संरक्षित नरसंहार करार दिया था। भाजपा विधायक इसी पंचलाइन के पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते दिखे। भाजपा ने अपने धरने को वंदे मातरम गाकर खत्म किया। दरअसल, विधानसभा शीतकालीन सत्र की समाप्ति के समय राष्ट्रीय गीत नहीं गाया गया था। इसके विरोध में बीजेपी ने अपने धरना का समापन वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत गाकर किया।

## शराबबंदी के कारण पहली बार जेल जाने वालों को मिले माफी: सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** शराबबंदी की वजह से पहली बार जेल जाने वालों के लिए भाजपा राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने नीतीश सरकार से बड़ी मांग की है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के कारण जो पहली बार जेल गए, उन पर मुकदमे वापस लेकर सरकार को आम माफी का एलान करना चाहिए और ऐसे लोगों को सुधरने का एक मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी, जेपी और लोहिया ने भी शराब पीने वालों को सुधरने का मौका देने की बीत कही थी। सुशील मोदी ने कहा कि शराब पीने की आदत या इसकी आसानी से उपलब्धता के कारण जिन्हें शराबबंदी कानून के तहत पहली बार जेल जाना पड़ा, वे गरीब लोग हैं और उन्होंने हत्या-बलात्कार जैसा गंभीर अपराध नहीं किया है।






CMYK

## खबरें फटाफट

### नदी में गिरने से दो युवकों की मौत

**सासाराम।** जिले के कोचस थाना क्षेत्र में बक्सर पथ स्थित गारा ग्रामीण सड़क पर धर्मावती नदी पुल के पास बुधवार सुबह बाइक सवार दो शराब तस्कर नदी में जा गिरे। इसमें दोनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को नदी से ग्रामीणों की सहायता से निकाला और उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोचस भेज दिया। दोनों युवकों को कोचस सीएचसी लाया गया, जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बक्सर जिले के धनसोई थाना अन्तर्गत खरहना गांव निवासी अरुण कुमार यादव और दिनारा थाना के नरवर गांव के सरोज यादव का बेटा दीपक यादव के रूप में की गई है। दोनों युवक बाइक पर बोरे में शराब लेकर जा रहे थे। पुल पर संतुलन बिगड़ने से बाइक नदी में जा गिरी।

### हत्या के आरोपी दंपति को आजीवन कारावास

**सासाराम।** व्यवहार न्यायालय ने हत्या के मामले में बुधवार को पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं उनकी बेसहारा हुई 6 साल बेटी को कोर्ट ने बाल संरक्षण गृह भेजने का निर्देश दिया। जिले के नोखा थाना क्षेत्र के यादव टोला, वार्ड नंबर 14 निवासी ओम प्रकाश कुमार के हत्या से जुड़े 4 साल पुराने मामले में कोर्ट ने यह सजा सुनाई है। बुधवार को सजा के बिंदू पर सुनवाई करते हुए एडीजे प्रथम मनोज कुमार की अदालत ने मामले में दोष सिद्ध पति-पत्नी धीरज चौधरी एवं प्रियंका देवी निवासी नारायणपुर, औरंगाबाद को 50000 अर्थदंड सहित आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# सुरक्षित गर्भपात को लेकर समुदाय में जागरूकता फैला रहा सांझा प्रयासः राजीव गुप्ता

**केटी न्यूज/पटना**

- आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन
- सांझा प्रयास नेटवर्क के सदस्यों का हुआ क्षमतावार्धन
- राज्य के 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने की शिरकत

आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को पटना स्थित एक निजी होटल में सांझा प्रयास नेटवर्क के सदस्यों के लिए क्षमतावार्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेटवर्क के सदस्यों को अपने अपने संस्थाओं के लिए आर्थिक अनुदान की प्राप्ति के लिए बनाये जाने वाले प्रपोजल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के वरीय समन्वयक राजीव गुप्ता ने बताया कि सांझा प्रयास नेटवर्क से जुड़ी सभी संस्था सुरक्षित गर्भपात को लेकर समुदाय में जागरूकता फैलाने का काम कर रही है। लेकिन उनके अन्य सामाजिक हित के कार्यों को संपादित करने के लिए आर्थिक अनुदान की आवश्यकता है। इसके



लिए सही एवं सटीक प्रपोजल को डोनर संस्था के समक्ष प्रस्तुत करना जरुरी ह। राजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला के उपरांत सांझा प्रयास नेटवर्क से जुड़ी संस्थायें अपने आवेदन को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर पायेंगी।

**राज्य के 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने की शिरकत :** क्षमतावार्धन कार्यशाला में सांझा प्रयास नेटवर्क के 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। ये जिले हैं- पटना, मुंगेर, सीतामढ़ी, सारण, वैशाली, नवादा, बांका, मधुबनी, रोहतास एवं किशनगंज. आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के दिल्ली कार्यालय से आयीं वरीय अधिकारी आकांक्षा शर्मा ने प्रपोजल को लेकर प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सशक्त एवं सटीक तरीके से प्रपोजल को बनाने के बारे में विस्तार से बताया। आकांक्षा शर्मा ने एक सही एवं सटीक प्रपोजल को बनाने के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया और प्रतिभागियों के सवाल के जवाब दिए।

**संशोधित सुरक्षित गर्भसमापन कानून 2021 के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारीः** कार्यशाला में आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के वरीय समन्वयक राजीव गुप्ता ने बताया कि सुरक्षित गर्भ समापन हर महिला का अधिकार ह। उन्होंने बताया कि 1971 के प्रावधानों के अनुसार, गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया है और एमटीपी एक्ट 2021 में संशोधन किया गया है। जिससे विशेष श्रेणी की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह तक के गर्भ को शर्तों के अनुसार समापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त भ्रूण विकृति के मामलों में गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भ समापन को मान्य किया गया है। महिला या उसके साथी द्वारा प्रयोग किए गए गर्भनिरोधक तरीके की विफलता की स्थिति में अविवाहित महिलाओं को भी गर्भ समापन सेवाएं दी जा सकेंगी। 20 सप्ताह तक एमटीपी के लिए एक आरएमपी और 20 से 24 सप्ताह के लिए दो आरएमपी की राय चाहिए. गोपनीयता को कड़ाई से पालन करना। कार्यशाला में आगे की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन से निकिता भान, डॉ.२२२ देवेंद्र त्रिपाठी, बीवीएचए से स्वपन मजूमदार भी उपस्थित थे।

# ठेकेदार को गोली मारने में 4 धराए दो देसी कट्टा व छह गोलियां बरामद



जानकारी देते एसपी

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा फ्रेंड्स कॉलोनी में रहने वाले ठेकेदार सह भाजपा नेता बबलू सिंह को गोली मारने में तीन वांटेड सहित चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों को आरा-छपरा फोरलेन पर पैसठवां घाट मोड़ के समीप बुधवार की सुबह डकैती की योजना बनाते दबोचा गया है। इनके पास से दो देसी कट्टा और छह गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार बदमाशों में गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव निवासी लवकुश कुमार, अंकित कुमार, मकरध्वज लाल और राजेश कुमार है। इनमें लवकुश, राकेश और मकरध्वज भाजपा नेता बबलू सिंह को गोली मारने में वांटेड थे। एसपी संजय कुमार सिंह ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रोहित कुमार उर्फ बबलू सिंह को गोली मारने में शामिल बदमाशों की पहचान कर ली गयी थी। गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी भी की जा रही थी। इस बीच बुधवार की सुबह लूटपाट की साजिश करते आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के पैसठवां घाट मोड़ के पास चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से दो देशी कट्टा और छह गोलियां बरामद की गयी। इस मामले में पहले भी शूटर सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## पटना से गांव जा रहे बाइक सवार बिहार पुलिस के जवान को बेलगाम ट्रक ने रौंदा

# दुर्घटनाः भोजपुर में मां के लिए दवा लेकर जा रहे पुलिस जवान की हादसे में मौत

- हेलमेट पहनने के बाद भी नहीं बच सकी आइजी के अंगरक्षक की जान
- परिवार के साथ रहने के लिए दो दिनों की ली थी छुट्टी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के में सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर संदेश स्थित चिमनी ईंट भट्टा के समीप बुधवार बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार बिहार पुलिस के एक जवान को रौंद दिया। उसमें उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी स्व.चितरंजन सिंह के बेटे अजीत सिंह (35 वर्षीय) थे। वह मुख्यालय आईजी राकेश राठी के अंगरक्षक थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी



अस्पताल में मौजूद परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

मच गयी। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार मौके पर पहुंचे। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को भी जब्त कर लिया। जवान के मामा बलिंदर सिंह ने बताया कि अजीत सिंह पटना मुख्यालय आईजी के बॉडीगार्ड थे। वह अपने पूरे परिवार के साथ पटना में ही रहते थे। वह दो दिन का छुट्टी लेकर अपनी मां का दवा लेकर बाइक से बुधवार सुबह गांव आ रहे थे। उसी दौरान संदेश गांव स्थित चिमनी के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसके बाद पुलिस की ओर से परिजनों को घटना की सूचना दी गयी। बताया जा रहा है कि ट्रक ने इतनी जोरदार ठोकर मारी थी कि हेलमेट पहनने के बाद जवान का सर फट गया। हेलमेट भी टूट गया है। दाहिना हाथ भी पूरी तरह डैमेज हो गया था।

**अजीत की लगी थी 12 साल पहले नौकरी :** बताया जा रहा है कि अजीत सिंह की 2010 में पुलिस में बहाली हुई थी। उन्होंने उसी साल 30 दिसंबर को पटना जिला में ज्वाइन किया था। इसके बाद वह कुछ समय तक बेऊर जेल के जेलर के बॉडीगार्ड के रूप में भ तैनात थे। फिलहाल में वह पटना के मुख्यालय आइजी राकेश राठी के बॉडीगार्ड के रूप में तैनात थे। इधर, उनकी मौत से पुलिस जवानों में शोक की लहर दौड़ गयी। थानाध्यक्ष सहित संदेश थाने के स्टाफ और पुलिस मेंस एसोसिएशन की भोजपुर इकाई की ओर से जवान की मौत पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया है।

### तीन भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर थे जवान

ट्रक की तेज रफ्तार के कहर ने फिर जान ले ली। इस बार बेलगाम ट्रक ने एक पुलिस जवान को रौंद डाला। उसमें उनकी मौके पर ही मौत हुई है। मां के लिए दवा लेकर जा रहे जवान की खुद की जान चली गयी। कहा जा रहा है कि जवान की मां गांव पर थी। उनकी तबीयत खराब चल रही थी। उसे लेकर वह दवा लेकर गांव जा रहे थे। इसके लिए जवान ने दो दिनों की छुट्टी ली थी। वहीं हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि जवान अपने तीन भाई और तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उनके परिवार में पत्नी रेखा देवी, मां विमला देवी, पुत्र अनिकेत सिंह व आदर्श सिंह है। मौत के बाद पत्नी, मां और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मछली कारोबारी हत्याकांड में एक साल से फरार चल रहे चार आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- मछली खरीदने केशोपुर जा रहे तीन दोस्तों पर की गयी थी फायरिंग
- फायरिंग में दो दोस्तों को लगी थी गोली, एक की हो गयी थी मौत

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर पुल के पास पिछले साल मछलीकारोबारी की हत्या के मामले में एक साल से फरार चल रहे चार आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। चारों नगर थाना क्षेत्र के बिंद टोली के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपितों में हरेंद्र बिंद, नंदकिशोर बिंद, हरेराम बिंद, विशाल बिंद उर्फ बैला है। पुलिस इन सभी के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है।

एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर 2021 को बड़हरा थाने के बिराहिमपुर पुल के पास बाइक से पीछा कर कर दो लोगों को गोली मार दी गई थी। इसमें एक की मौत हो गई थी। इस संबंध में बड़हरा थाना में हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। उस कांड के आरोपितों? की गिरफ्तारी के लिए उनके निर्देशन में विशेष टीम गठित की गयी थी। इस दौरान टीम ने मानवीय और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हत्या में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में बड़हरा थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश, एएसआई अशोक कुमार, हवलदार मो. कुरुप, जवान अभिषेक कुमार, हरेंद्र कुमार और चालक सिपाही आशीष कुमार शामिल थे। बताते चलें कि पिछले साल 27 सितंबर की दोपहर मछली खरीदने आरा से बड़हरा थाने के केशोपुर गांव जा रहे तीन दोस्तों पर फायरिंग की गयी थी। उसमें आरा नगर थाने के बिंद टोली निवासी किशन बिंद उर्फ कृष्णा बिंद की मौत हो गयी थी और मुन्ना यादव जख्मी हो गए थे। फायरिंग में उजियार टोला निवासी विनोद कुमार बाल-बाल बच गये थे। उसे लेकर किशन बिंद के भाई की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड की मिली सजा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने हत्या के मामले में पांच आरोपी को आजीवन कारावास के साथ साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने बताया कि ग्राम बालुबीघा अरवल थाना क्षेत्र में एक जनवरी 2021 को संध्या छः बजे अभियुक्त रामजीत पंडित, सुनील कुमार, पवन कुमार, शंभू पंडित, रम्भु पंडित, मामूली विवाद को लेकर सभी अभियुक्त ने लाठी, डंडा, लोहे का रॉड से लैस होकर मृतक विजय सिंह के घर को घेर लिया तथा जान मारने की नियत से मृतक विजय सिंह के सर पर मारा, बीच-बचाव करने आए मृतक के भाई सूचक करीमन सिंह, सोनी कुमारी, विक्की एवं अंतू सिंह को भी अभियुक्तों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। मृतक विजय सिंह के सर पर चोट लगने के कारण वह गंभीर रुप से जख्मी होकर गिर पड़ा। उसे आनन-फानन में पटना रेफर किया गया। जिससे इलाज के दौरान मृत्यु गई थी। फरियादी करीमन सिंह अरवल थाने में अरवल थाना कांड संख्या 2/2021 दर्ज कराया, की अभियुक्तों के द्वारा उसके भाई विजय सिंह की हत्या कर दी गई है। न्यायालय ने 12 साक्षीयों के साक्ष्य के आधार पर सभी अभियुक्त रामजीत पंडित, सुनील कुमार, पवन कुमार, शंभू पंडित, रंभू पंडित को मृतक विजय सिंह की हत्या का दोषी मानते हुए सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा सभी अभियुक्तों को दो दो हजार रुपया का अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की रकम नहीं देने पर अभियुक्तों को 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# शिक्षकों को इनोवेटिव होने की जरूरतः डॉ. अरुण

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय मानस इंटरनेशनल एजुकेशनल फाउंडेशन जहानाबाद के द्वारा संचालित मानस इंटरनेशनल स्कूल समूह की शाखाओं दक्षिणी, कोर्ट एरिया जहानाबाद, कोट स्टेशन से पश्चिम, मखदुमपुर एवं हुलासगंज में स्त्रं3 आधारित पीटीएम, परीक्षा प्रकाशन एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन संस्था के चेयरमैन डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने किया।

डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि देश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कोठारी आयोग की तरह एक समिति गठित किया जाए और शिक्षकों को पाठ्यक्रम को किताबी के बजाय व्यवहारिक तरीके से पढ़ना चाहिए। मसलन अगर बच्चे को नक्शा बनाने के लिए कहा जाए, तो उसे सीधे देश या विदेश के नक्शे पर ना ले जाए। उन्हें पहले अपने



बैठक में शामिल जिलाधिकारी व अन्य

स्कूल से घर तक का नक्शा बनाने को कहें, फिर स्कूल से अस्पताल, घर से बाजार, घर से रेलवे स्टेशन और फिर मोहल्ले गांव का नक्शा बनवाया जाए। इससे बच्चों को रुचि बढ़ेगी और वो खुद ही देश दुनिया के नक्शे में दिलचस्पी लेंगे और उनकी जनरल नॉलेज बढ़ेंगे। ऐसे विधि से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल की जा सकती है। इसके लिए शिक्षकों को इनोवेटिव होने की जरूरत है। जहां दक्षिणी स्कूल के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी नहीं बनेंगे तब तक वे पूर्ण शिक्षक नहीं बन सकते। इस अवसर पर आधारित परीक्षा फल में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं में रागिनी राय, ऋतुराज, अंजली कुमारी, सोनम कुमारी, अफीफा इजाज, प्रिया कुमारी, रिमझिम कुमारी, श्रुति मौर्या, विवेक राज, कुमुद नंदिनी, प्रेम कुमार, पावनी कश्यप अंशिका कुमारी, अनामिका सिन्हा, काजल कुमारी, खुशबू कुमारी, सनी कुमार, रौनक कुमार, रोशनी कुमारी, अंजली कुमारी, राज कुमार आदि को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## 23 एवं 24 दिसम्बर को जिले में तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का होगा आयोजन

# प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 13 केंद्र

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- परिक्षा के सफल संचालन के लिए डीएम ने की अफसरों के साथ बैठक

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा, 2022 के सफल आयोजन हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें बताया गया कि दिनांक 23 एवं 24 दिसम्बर को जहानाबाद जिले में 13 परीक्षा केन्द्रों पर तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन तीन चरण में होगा। जो 02 घंटा 15 मिनट में लिया जाएगा। जिसमें दिनांक 23 दिसम्बर को दो चरण में यथा- प्रथम चरण पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक तथा द्वितीय चरण अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:15 बजे तक और दिनांक 24 दिसम्बर को तृतीय चरण पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उक्त परीक्षा राज्य संपोषित गर्ल्स इंटर स्कूल, जहानाबाद, डॉ. भीमराव अम्बेदकर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, दक्षिणी, मानस इंटरनेशन पब्लिक स्कूल, दक्षिणी, स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, धनगावां, गांधी स्मारक इंटर स्कूल, श्यामनगर, प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, अनुग्रह नारायण सिन्हा कॉलेज,



बैठक में शामिल जिलाधिकारी व अन्य

गौतमबुद्ध उच्च विद्यालय, एसएस सिन्हा कॉलेज, मुरलीधर उच्च विद्यायल, प्रतिभा पल्लवन मेमोरियल स्कूल एवं मानस स्कूल, ठाकुरबाड़ी रोड़, जहानाबाद परीक्षा केन्द्रों पर संचालित किया जाएगा।

परीक्षा के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, स्वच्छ संचालन, विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। बैठक में सीलबंद पैकेटों में टेस्ट बुकलेट -सह- ओ.एम.आर. उत्तर पत्रकों के साथ-साथ अन्य परीक्षा सामग्रियों वाले सीलबंद बक्से केन्द्र प्रेक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी और दो वरिष्ठतम वीक्षकों की उपस्थिति में केन्द्राधीक्षक द्वारा फॉर्म संख्या 7 में प्रमाण पत्र देने के बाद परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से आधे घंटे पहले ही खोले जाऐंगे। जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सीलबंद लिफाफों मे पैक की गयी टेस्ट बुकलेट -सह- ओएमआर उत्तर पत्रकों को अभ्यर्थियों को ससमय पर वितरित किया जाए। सभी केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे। सभी स्टैटिक दंडाधिकारियों को निदेश दिया गया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने प्रतिनियुक्ति परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लेंगे तथा केन्द्राधीक्षक से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित कर लेंगे ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन किया जाए। साथ हीं परीक्षा केन्द्र पर जैमर अधिष्ठापित हो गया है एवं परीक्षा केन्द्र द्वारा तैयार सीट प्लान आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में किया गया है।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी, केन्द्र प्रेक्षक एवं केन्द्राधीक्षक परीक्षा केन्द्र के गेट पर अभ्यर्थियों की गहन फ्रिंसकिंग करना सुनिश्चित करेंगे। स्टैटिक दंडाधिकारी, केन्द्र पर्यवेक्षक एवं केन्द्राधीक्षक सजग रहकर परीक्षा कक्ष में मोबाईल, ब्लूटूथ, किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट इत्यादि ले जाने पर रोक लगायेंगे। डीडीसी पारितोष कुमार ने बताया कि तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा, 2022 के सफल आयोजन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का संचालन अनुमंडल कार्यालय, जहानाबाद में किया गया है। जिसके वरीय प्रभार में एसडीओ है तथा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या- 06114-223013 है। वहीं, नियंत्रण कक्ष के सफल संचालन हेतु पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसे मिस्त्री की 10 दिन बाद मौत

**केटी न्यूज/आरा**

- इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में मंगलवार की देर रात तोड़ा दम

जिले के गीधा में करंट से झुलसे बिजली मिस्त्री की 10 दिन बाद मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के बिहटा स्थित एक निजी अस्पताल में मंगलवार की रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक कोईलवर वार्ड नंबर 10 निवासी मो. शमसुद्दीन मियां का 42 वर्षीय पुत्र मो. बूटन था।

वह प्राइवेट बिजली मिस्त्री था। उसके चचेरे भाई इम्तियाज ने बताया कि 11 दिसंबर की दोपहर गीधा स्थित पावर ग्रिड में कुछ खराबी आ गई थी। उसे बनाने के लिए वह अपने चार अन्य साथियों के साथ गीधा पावर ग्रिड गया था। वहां वह शटडाउन लेकर काम कर रहा था। उसी बीच अचानक बिजली आ गयी। उससे वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। उसके बाद उसे बिहटा स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। वहां आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। 10 दिन तक चले इलाज के बाद मंगलवार की रात उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन उसके शव लेकर गांव पहुंचे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मो. बूटन छह भाइयों में मांझिल था। उसके परिवार में मां साबरा खातून, पत्नी अफसाना खातून, पुत्र इरशाद, शहजाद और शाहिद है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

केशव टाइम्स

बक्सर, 21 दिसम्बर 2022

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### छापेमारी में देसी व विदेशी शराब बरामद

**कृष्णाब्रह्म।** बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के अरक गांव से 14 लीटर महुआ शराब व 22 पीस टेट्रा पाकेट शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब कारोबारी फरार हो गया। फरार आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्रथमिकी दर्ज किया गया है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि शराब की तस्करी करने वाले एवं शराब पीने वाले के खिलाफ पुलिस विशेष मुहिम चला रही है। इसी मुहिम के तहत बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अरक गांव में शराब की बिक्री की जा रही है। जिसके बाद छापेमारी कर 14 लीटर महुआ शराब व 22 पीस टेट्रा पाकेट शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पीएम किसान निधि योजना का ई-केवाईसी आज से शुरू

**केसठ।** डीएम अमर समीर के निर्देश पर केसठ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक किसानों का ई-केवाईसी व आधार अपडेटिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 22 से 24 दिसंबर तक प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी परमानंद सुमन ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में उक्त कार्यों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जाना अनिवार्य है। प्रखंड में जो शेष किसान लाभ से वंचित रह गए हैं, उन किसानों को तेरहवीं किस्त प्राप्त करने से पहले स्पेशल ड्राइव चलाने एवं पूर्ण कार्य का निर्णय लिया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि केसठ पंचायत में 22 को कतिकनार पंचायत में 23 को तथा रामपुर पंचायत में 24 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### नशे में पुलिस ने तीन को पकड़ा

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने शराब के नशे में तीन शराबियों को पकड़ने में सफलता पायी है। तीनों नशे की हालत में राहगीरों के साथ हंगामा कर रहे थे। पकड़े गये आरोपियों की पहचान करूअज गांव निवासी सोमारु राम, अजय शर्मा और रजडिहा के रहने वाले मनजी यादव बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस खलवाइनार के समीप गश्ती कर रही थी। इसी दौरान तीनों आरोपी नशे की हालत में झूमते हुए पाये गये। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच कराया।

# बक्सर की सामाजिक समरसता में जहर घोलने वालों के लिए सबक है चुनाव परिणामः रामजी

- बक्सर की नव निर्वाचित उप मुख्य पार्षद के जीत के बाद समर्थकों ने शुरू किया धन्यवाद यात्रा
- घर घर पहुंच जनता को दिया धन्यवाद, उम्मीदों पर खरा उतरने का दिलाया भरोसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजनीति में अब धर्म व जाति के नाम पर रोटी सेकने वालों के दिन लद गए है। नगर परिषद का चुनाव परिणाम बक्सर की मजबूत सामाजिक समरसता में जहर घोलने वालों के लिए सबक है। जनता ने जात-पात व धर्म से उपर उठकर सही प्रत्याशियों का चुनाव किया है। उक्त बातें बक्सर के चर्चित सामजिक कार्यकर्ता व पूर्व विस प्रत्याशी रहे रामजी सिंह ने बुधवार को केशव टाईम्स से कही।

वे अपने समर्थित तथा बक्सर नगर परिषद की नव निर्वाचित उप मुख्य पार्षद इशरत बानों की जीत के बाद उनके प्रतिनिधि शराफत हुसैन तथा अन्य युवा साथियों के साथ धन्यवाद यात्रा कर रहे है। इसी दौरान उन्होंने बताया कि इस बार का चुनाव परिणाम काफी सुखद रहा है। बक्सर की जनता ने भेद भावों को भुला समाज के दुख सुख में सहभागी बनने वालों को अपना प्रतिनिधि चुना है। उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित उप मुख्य पार्षद इशरत बानो काफी सामान्य परिवार से आती है तथा आम जनता के बीच अपने व्यवहार से काफी लोकप्रिय भी बनी। इसके पहले बुधवार को सुबह से ही रामजी सिंह के नेतृत्व में इशरत बानों के समर्थकों ने बक्सर शहर के प्रत्येक वार्ड में पहुंच जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

देर शाम तक उनका कारवां अहिरौली, सारिमपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचा तथा समर्थन व मतदान के लिए आभार जताया। इस दौरान इन लोगों ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता ने जो प्यार व सम्मान दिया है, उसे जाया नहीं होने दिया जाएगा। बल्कि बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में विकास की नई पटकथा लिखी जाएगी। धन्यवाद यात्रा में शामिल इशरत बानो के प्रतिनिधि सह पति शराफत हुसैन ने बताया कि उन्हें यह जीत चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता रामजी सिंह के समर्थन व सहयोग से मिली है। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जनता के उम्मीदों पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि आम जनता के सहयोग के लिए वे 24 घंटे तत्पर रहेंगे। शराफत ने कहा कि जनता ने उनपर जो विश्वास दिखाया है इससे वे अभिभूत है तथा अंतिम सांस तक जनता की सेवा करते रहेंगे।

धन्यवाद यात्रा की शुरूआत शहर के व्यवसायियों के बीच शुरू हुई है जबकि इसका समापन ग्रामीण जनता के बीच होगा। गौरतलब है कि मंगलवार को जारी हुए बक्सर नगर परिषद के चुनाव परिणाम में रामजी सिंह समर्थित प्रत्याशी इशरत बानों ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बेबी देवी को 2809 मतों के भारी अंतर से शिकस्त दिया था। चुनाव परिणाम से उत्साहित उनके समर्थक अगले दिन से ही जनता को धन्यवाद देना शुरू कर दिए है। इस दौरान उनके साथ आशुतोष दूबे, पिंटू सिंघानिया, चंदन गुप्ता, श्यामजी वर्मा, विकास ठाकुर, महताब, विजय आनंद, रिहान आदि शामिल थे।



धन्यवाद यात्रा में शामिल रामजी सिंह व अन्य

### डीडीसी ने योजनाओं को गति देने के लिए सिमरी बीडीओ व मुखिया के साथ की बैठक

# विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों में तालमेल जरूरी

**प्रशासन की पहल**

- केशोपुर जलशोध संयत्र को जल्द शुरू करने की तैयारी शुरू
- डीडीसी ने की जल शोध संयत्र के अद्यतन स्थिति की समीक्षा

**केटी न्यूज/सिमरी**

पंचायतों में विकास के लिए जरूरी है कि प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधि मिलकर काम करे। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें डीडीसी महेन्द्र पाल ने बुधवार को सिमरी प्रखंड सभागार में बीडीओ व सभी पचायतों के मुखियाओं के साथ बैठक में कही। उन्होंने बैठक के दौरान ही सिमरी के केशोपुर में बन रहे जलशोध संयत्र को शीघ्र चालू कर लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का निर्देश भी दिया। डीडीसी ने पंचायतों में चल रही विकास की योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

डीडीसी ने कहा कि समय पर तथा पारदर्शी तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। डीडीसी ने पंचायत प्रबतिनिधियों व प्रखंड प्रशासन में समन्वय स्थापित करने के लिए प्रत्येक शनिवार को आपस में बैठक कर विकास योजनाओं पर चर्चा तथा समीक्षा का निर्देश भी दिया। ताकि योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी मिल सके। बैठक के दौरान एक खाद दुकानदार द्वारा सरकारी दर से अधिक मूल्य पर किसानों को खाद देने का मुद्दा भी उठाया गया। डीडीसी ने तत्काल प्रखंड कृषि पदाधिकारी को इसकी जांच कर दोषी दुकानदार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ शशिकांत शर्मा, सीओ रजत कुमार सिंह, पीओ नूरुल होदा, बीएओ अभय कुमार राय, मुखिया दिनेश कुमार राय, अशोक राय, धर्मराज चौधरी, इंतेयाज अंसारी, मनोजउपाध्याय, प्रेमसागर कुंवर, मदनराय, पिन्टू पाठक, बबन राम, अशोक रजक सहित कई अन्य मुखिया मौजूद थे।



जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीडीसी



केशवपुर स्थित निर्माणाधीन संयत्र

**डीडीसी के निर्देश के बाद दियारावासियों में जगी उम्मीद :** दशकों से आर्सेनिक व फ्लोराइड का जहर पीने को मजबूर दियारा वासियों में डीडीसी के पहल से खुशी की लहर दौड़ गई है। बता दें बुधवार को सिमरी प्रखंड सभागर में बीडीओ व पंचायतों के मुखिया के साथ बैठक में जेई भी उपस्थित थे। डीडीसी ने उनसे जल शोध संयत्र के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा दियारा क्षेत्र में गंभीर हो चुकी आर्सेनिक व फ्लोराईड की समस्या को देखते हुए तत्काल इस संयत्र को चालू करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि गंगा के तटीय इलाके के भूमिगत जल में आर्सेनिक व फ्लोराइड की मात्रा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। जिसका खामियाजा दियारे की एक बड़ी आबादी को भुगतना पड़ रहा है। इस कारण सैकड़ो लोग गंभीर चर्म रोग व पेट संबंधित बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। लेकिन डीडीसी के निर्देश के बाद उनमें अब इस बात की उम्मीद जगी है कि जल्दी ही उन्हें मीठे जहर से मुक्ति मिलने वाली है।

# कोहरे के कारण सुबह धीमी रही वाहनों की रफ्तार, महज 20 मी. थी विजब्लिटी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार को इस सीजन में पहली बार कोहरा ने दस्तक दी है। सुबह में कोहरे के कारण सूर्य के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक यही स्थिति थी। हालांकि दोपहर बाद धूप खिलने से लोगों को राहत जरूर मिला। इसके पहले सुबह में सर्दी बढ़ गई थी।

कोहरा काफी घना था तथा विजुविलीटी महज 15-20 मीटर तक ही थी। जिस कारण सुबह में वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्हें अपने हेड लाईट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। इसके बाद भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। गनीमत रही कि पहले दिन कोहरे की वजह से दुर्घटना की जानकारी नहीं मिली है। कोहरे ने झोपड़पट्टी में रहने वालों की मुश्किलें भी बढ़ा दी है। मौसम के जानकारों की मानें तो अगले कुछ दिनों तक कोहरा और घना होगा। जिस कारण सर्दी भी अब सितम ढाएगी। कड़ाके की सर्दी पड़ने की उम्मीद से लोग शिहर उठे है। कोहरे के कारण रेल परिचालन भी प्रभावित हुआ है। इस रेलखंड से गुजरने वाली सभी टेज्ने घंटो विलंब से चली है। हालांकि मौसम के इस बदलाव से किसान खुश नजर आए। किसानों की मानें तो कोहरे से गेहूं की फसलों को काफी फायदा मिलेगा।



## हृदय घात के कारण मुफस्सिल थाना के जमादार की मौत, दौड़ी शोक की लहर

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना में उस समय अफराफरी मच गई, जब थाने के जमादार बात करते करते अचानक लड़खड़ाते हुए गिर पड़े। अचानक गिरने के बाद उन्हें आननफानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने मौत की कारण हृदयघात बताया। मृतक का नाम नवल किशोर यादव बताया जा रहा है। जो मूल रूप से सहरसा के रहने वाले हैं। दो साल पहले उन्हें मुफस्सिल थाने में बतौर मुंशी तैनात हुए थे। वहीं, जमादार की मौत के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शाम को वह थाने में अन्य पुलिसकर्मियों के साथ बैठे थे। सभी आपस में बात कर रहे थे। उन्हें घबराहट होने लगी और खड़े होने की कोशिश की, लेकिन गिर पड़े। जिसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया। जानकारी मिलते ही सार्जेंट मेजर उमेश चंद्र व अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने थाने के पुलिस कर्मियों से मामले की जानकारी ली। हालांकि, मृत जमादार के परजिनों को सुचित किया गया है। उनके आने के बाद उन्हें शव सौंप दिया जाएगा।



मृत जमादार की फाइल फोटो

## एक नजर

### 23 व 24 दिसंबर को होगी तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा



**बक्सर।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा विज्ञापन संख्या-01/22, तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा 2022 के विधि व्यवस्था संधारण एवं परीक्षा कार्य के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में ब्रीफिंग का आयोजन हुआ। परीक्षा दो दिन दिनांक 23 एवं 24 दिसम्बर को आयोजित की जायेगी। 23 दिसम्बर 2022 को दो पाली में एवं दिनांक 24 दिसम्बर को एक पाली में परीक्षा होगी। प्रथम पाली पूर्वाहन 10:00 बजे पूर्वाहन से 12:15 अपराहन तक एवं द्वितीय पाली अपराहन 02:00 बजे से अपराहन 04:15 तक होगा। प्रथम पाली हेतु पूर्वाहन 09:50 बजे एवं द्वितीय पाली हेतु अपराहन 01:50 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा हेतु कुल 15 परीक्षा केन्द्रों पर 8300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी के लिए एक लेखक प्रदान किया जाना चाहिए। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को 34 मिनट अतिरिक्त समय दिया जायेगा। पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट सीलबन्द बक्सें में परीक्षा सामग्री के साथ अपने केन्द्र पर प्रथम पाली के लिए पूर्वाहन 09:00 बजे तक पहुँचेंगे एवं द्वितीय पाली के लिए अपराहन 01:00 बजे तक पहुँचेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा 2022 के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन एवं केन्द्र पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिम्मेदार होंगे।

### अंकित फागना के तूफान में उड़ी हरियाणा की टीम, फाईनल में पहुंचा कोलकाता



**डुमरांव।** स्थानीय राज हाई स्कूल के खेल मैदान में चल रहे शहीद आईपीएस रविकांत सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के पुल-बी के सेमीफाईनल में बुधवार को कोलकाता की टीम ने हरियाणा को 24 रन से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। जहा गुरूवार को उसका मुकाबला पुल-ए से फाईनल में पहुंचने वाली मुजफ्फरपुर की टीम से होगा। कोलकाता ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कोलकाता के ओपनर अंकित फागना ने 56 गेंदों में धमाकेदार 101 रन बनाए जिसमें दस चौके और छह शानदार छक्के शामिल रहे। अंकित की पारी के दौरान एक हैट्रिक छक्का भी शामिल रहा। कोलकाता ने 21 ओवर की पारी में पांच विकेट गंवाते हुए 195 रन बनाए। हरियाणा की तरफ से सनी भदाना ने 2 विकेट चटकाए। 196 रन का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम 21 वे ओवर में 171 पर सिमट गई। हालाकि हरियाणा की तरफ से पुनीत यादव ने 68 गेंद में 96 रन बना अपनी टीम को जीताने का एकतरफा प्रयास किया। लेकिन उनके आउट होते ही पूरी टीम के सिमटने में देर नहीं लगी। कोलकाता की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आकाश तोमर ने 3 विकेट, मानिक, रोहन और प्रदीप ने दो दो विकेट चटकाए।

### बक्सर में मां ने लगाई फटकार, तो बेटी ने गुस्से में फांसी लगाकर की खुदकुशी



**बक्सर।** जिले के इंडस्ट्रियल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की सारीमपुर में एक युवती ने खुदकुशी कर ली है। घटना मंगलवार की देररात की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस ने मामले की छानबीन की और शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, पूछताछ के दौरान परिजनों से खुदकुशी के कारणों का पता किया। बताया जाता है कि सारीमपुर निवासी राजकुमार की 19 वर्षीय बेटी मानसिक अवसाद से ग्रसित थी। इस बीच घटना की शाम उसकी मां ने किसी बात पर उसको फटकारा। जिसके बाद वह मानसिक रूप से और अधिक परेशान हो गई। जब रात को सभी लोग सोने चले गए, तो उसने पंखे में फंदा लगाया और उसपर झूल गई। अगली सुबह जब उसकी मां उसके कमरे में गई, तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। परिवार के लोगों ने किसी तरह से दरवाजा खोला और अंदर घुसे। जहां देखा कि उनकी बेटी फंदे से झूल रही है। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि परजिनों ने किसी के ऊपर आरोप नहीं लगाया। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद शव परजिनों को सौंप दिया गया है। वहीं, परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया। जिसके कारण यूडी केस दर्ज कर मामले को अग्रेसित कर दिया गया है।

### हर माह की 21वीं तिथि को जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया जाता है परिवार नियोजन दिवस

# ग्रामीण इलाकों के लोगों में बढ़ रही परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता

- शहरी व ग्रामीण इलाकों के लोगों को परिवार नियोजन के प्रति किया गया जागरूक
- लोगों में अस्थायी साधनों का बढ़ रहा प्रयोग

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर माह की 21वीं तिथि को परिवार नियोजन दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा पीएचसी, यूपीएचसी, और एचडब्ल्यूसी पर परिवार दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत स्वास्थ्य संस्थानों पर आईयूसीडी एवं अंतरा कैंप के आयोजन के साथ कंडोम बॉक्स व डिस्प्ले ट्रे भी लगाया जाता है। जिसमें पुरुषों के लिए कंडोम के अलावा महिलाओं के लिए सभी प्रकार के गर्भनिरोधक उपलब्ध कराए जाते हैं। ताकि, लोग परिवार नियोजन के इन अस्थायी साधनों का अधिक से अधिक उपयोग करें। साथ ही, ओपीडी एरिया, काउंसलिंग एरिया एवं टीकाकरण एरिया में प्रदर्शित करके संस्थान में आने वाले अधिक से अधिक लोगों को बास्केट ऑफ चॉइस के बारे में बताया जाता है। वहीं, महिलाआं को गर्भनिरोधक अपनाने के लिए प्रेरित भी किया जाता है।



परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करती सीएचओ व आशा कार्यकर्ताएं

**योग्य लाभुकों की काउंसिलिंग जरूरी**

डीसीएम हिमांशु सिंह ने बताया, परिवार की खुशहाली के लिये दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर, परिवार के आकार का छोटा व सीमित होना जरूरी है। इसके योग्य लाभुकों की काउंसिलिंग जरूरी है। जो बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ परिवार व समाज की खुशहाली के लिहाज से जरूरी है। जिले में परिवार नियोजन संबंधी उपलब्ध संस्थानों के महत्व से अवगत कराते हुए लोगों को इसे अपनाने के लिये प्रेरित किया जाता है। इसके लिये काउंसिलिंग भी की जा रही है। जिसके माध्यम से परिवार नियोजन को लेकर उपलब्ध विभिन्न विकल्पों की जानकारी लाभुकों तक पहुंचायी जा रही है। ताकि वे अपनी पसंद व जरूरत के हिसाब से इसमें से किसी एक का चयन कर सकें।

**अस्थायी साधनों के प्रति लोगों में बढ़ा है रूझान :** सदर प्रखंड के सामुदायिक उत्प्रेरक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, परिवार नियोजन दिवस के माध्यम से शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में लोगों को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाता है। इस क्रम में हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि पूर्व की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में लोगों में अस्थायी साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। लोग परिवार नियोजन दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में आ रहे हैं। पहले लोग शर्म व लज्जा के कारण परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का उपयोग नहीं करते थे। लेकिन, अब लोगों में इनका रूझान बढ़ा है। जो एक अच्छा संकेत है। आशा कार्यकताओं के द्वारा योग्य दंपतियों को काउंसिलिंग के लिए चिकित्सकों और सीएचओ के पास लाया जाता है। जिससे योग्य दंपतियों में भी जागरूकता बढ़ रही है।

## शहर छोटी खबरें

### जज, डीएम व एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला कारागार का औचक निरीक्षण जिला जज, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला कारागार अस्पताल में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई। इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। बैरकों में बंदियों के कार्ड पर अगली पेशी के दिनांक को चेक किया गया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अंदर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न हो पाए इसके लिए रोस्टर बनाकर व चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाए। इसके अतिरिक्त महिला बंदी गृह में दी जा रही सुविधाओं के बावत जानकारी ली।

### अवैध असलहा के साथ एक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने असलहा तस्करी में लिप्त एक अपराधी को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से अवैध देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। बताया जाता है कि चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाली थाना के उनि देवेन्द्र बहादुर सिंह, हेका रामप्रवेश यादव और का. देवानन्द व अभिषेक पांडेय बुद्धा विशेश्वरगंज पुल के पास से अभियुक्त पुत्र मिश्रवलिया निवासी हरीगोविन्द बिंद के बेटे भजन बिन्द को असलहा के साथ दबोचा। उसके पास से से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जिसको लेकर आर्म्स एक्ट एफआईआर दर्ज कर चालान किया गया।

### अंत्योदय पात्र कार्ड धारकों को मिलेगा खाद्यान्न

**बलिया।** जिला पूर्ति अधिकारी बलिया ने बताया है कि आयुक्त, महोदय खाद्य एवं रसद विभाग उप्र जवाहर भवन, लखनऊ के निर्देश पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना अन्तर्गत अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह अक्टूबर 2022 के सापेक्ष वितरित होने वाले प्रति यूनिट पांच किग्रा (केवल चावल) खाद्यान्न का वितरण दिनांक 22 से 31 दिसंबर के मध्य नि:शुल्क कराया जायेगा। जिन कार्डधारकों के अंगूठा ई-पॉस मशीन पर आधार प्रमाणीकरण में असफल हो जायेगे उन्हें मोबाइल ओटीपी आधारित प्राक्सी के माध्यम से दिनांक 31 को वितरण किया जायेगा।

# असम में तैनात जिले के बीएसएफ जवान का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर नवली गांव पहुंचा

- बीएसएफ जवान का पार्थिव शरीर देख मचा कोहराम, रोने-बिलखने लगे परिजन
- गहमर गंगा घाट पर पूरे सैनिक सम्मान के साथ हुआ शहीद का अंतिम संस्कार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर थाने के नवली गांव के रहने वाले बीएसएफ 19 बटालियन में तैनात विनोद कुमार पांडेय (39) का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर मंगलवार की देर रात असम से सड़क मार्ग द्वारा बीएसएफ के वाहन से दर्जनों सशस्त्र जवान द्वारा गांव लाया गया। पार्थिव शरीर देखते ही घर में कोहराम मच गया। इसके बाद परिजन रोने -बिलखने लगे। गांव में पूरी तरह से मातम पसर गया। मृत जवान का अंतिम संस्कार बुधवार को गहमर गंगा घाट पर पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ओंमकार पांडेय द्वारा देते ही सबकी आखें नम हो गई। विनोद कुमार पांडेय अमर रहे, जबतक सूरज चांद रहेगा, विनोद पांडेय का नाम रहेगा आदि के गगनभेदी नारे लगने लगे। इसके पूर्व जवान के पार्थिव शरीर के आने की जानकारी होते ही बुधवार को सुबह से ही क्षेत्र के गणमान्य, जनप्रतिनिधि सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आदि लोगों ने गाजीपुर के लाल को श्रद्धांजलि दी। इसके लिए सुबह से तांता लगा रहा।

बीएसएफ जवान का पार्थिव शरीर लेकर 19 बटालियन आलमगंज डुबरी असम के बीएसएफ के इंस्पेक्टर हेमन्त कुमार, लखनऊ 11 बीएसएफ बटालियन के मेजर शंम्भूनाथ यादव, एएसआई गुलाब सिंह, सेवराईं एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया, रेवतीपुर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, नगसर थानाध्यक्ष आनंद कुमार भारती, अजय पांडेय, फुन्नू शुक्ला, पूर्व प्रमुख मुकेश राय, लल्लन सिंह, धनजी सिंह आदि ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

उनकी पत्नी नीतू पांडेय, मां आशा देवी व दोनों बच्चों क्रमशः ओंमकार पांडेय व आदित्य आदि परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल था। जवान के इस अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग दर्जनों बाइक, चार पहिया वाहन शामिल रहे। जिस बीएसएफ के वाहन में पार्थिव शरीर रखा था, उसे फूलों से पूरी तरह से सजाया गया था। मृत जवान के छोटे भाई सचिन कुमार पांडेय ने बताया कि बीएसएफ के 19 बटालियन में आरक्षी के पद पर तैनात उनके बड़े भाई विनोद कुमार पांडेय बीते चौदह दिसंबर को ड्यूटी के दौरान पोल पर चढ़कर कुछ काम कर रहे थे कि अचानक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़े। उनका कमांड अस्पताल में इलाज के चार दिनों बाद बीते 18 दिसंम्बर की रात्रि को निधन हो गया था।



जवान को श्रद्धांजलि देते पुलिस अधिकारी

### बीएसएफ जवान विनोद पांडेय पंचतत्व में विलीन

बलिया। गहमर थाना क्षेत्र के नवली के रहने वाले सीमा सुरक्षा बल के सिपाही विनोद पांडेय (34) का असम के सिलिगुड़ी में ड्यूटी के दौरान आकस्मिक दुर्घटना में निधन होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने शोक व्यक्त करते हुए शहीद जवान के अंत्येष्टि में शामिल होकर, पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया और श्रद्धांजलि दी। भाजपा महिला मोर्चा की रेवतीपुर मंडल अध्यक्ष रही आशा पांडेय के पांच बेटों में सबसे बड़े विनोद पांडेय के शव का पूरे सैनिक सम्मान के साथ बुधवार को पूर्वाह्न गहमर स्थित नरवाघाट पर अर्धसैनिक बल के जवानों ने सशस्त्र सलामी देकर अपने वीर जवान को अंतिम विदाई दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री द्वय ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह व अन्य लोग मौजूद रहें।

## पदस्थापित चिकित्सक के कार्यभार ग्रहण करने के कारण बढ़ी लोगों की परेशानी

# चिंतनीय: एसएनसीयू की व्यवस्था ठप, निजी अस्पताल में जाने को मजबूर हो रहे अभिभावक

- निजी अस्पतालों में इलाज कराने के कारण लोगों का हो रहा आर्थिक दोहन
- शासन और वरीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद नहीं हो रहा समस्या का निदान

**केटी न्यूज/बलिया**



बीमार बच्चे के साथ बैठी महिला

जिला महिला चिकित्सालय स्थित एस एनसीयू के ठप होने से अस्पताल में शिशुओं को जन्म देने वाली प्रसूताओं और उनके सहयोगियों में विराट संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस संबंध में सीएमएस डॉ. सुमिता सिन्हा ने बताया कि जिला महिला अस्पताल की एसएनसीयू के संचालन में शिशु रोग के चिकित्सकों की आवश्यकता है। जिसके लिए 14 दिसम्बर को मुख्य चिकित्साधिकारी सहित एडी आजमगढ़, शासन और प्रन्तीय एसएनसीयू से लगातार लिखित और फोन से संपर्क किया गया। सीएमओ डॉ. जंयत कुमार ने आदेश जारी कर वरिष्ठ शिशु चिकित्सक सीएचसी सोनवानी और डॉ. रजत चौरसिया की तैनाती कर दिया। सीएमएस के अनुसार किसी नव तैनात शिशु रोग विशेषज्ञ ने अब तक विधिवत यहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया। लगता है के उक्त चिकित्सकों पर सीएमओ के आदेश का कोई असर नहीं पड़ा।इस संबंध में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राशिद इमामुद्दीन से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि जिला महिला अस्पताल की एसएनसीयू में प्रति दिन 35-40 संक्रमित बच्चे उपचार कर लिये भर्ती होते हैं। जिनकी 24 घंटे निगरानी करनी पड़ती है। जब तक हमसे बन पड़ा हमें मरीज बच्चों की सेवा करता रहा। इसके बाद भी ओपीडी,आईपीडी के बावजूद अपराह्न तक मरीज देखा जाता रहा। लगातार दिनरात डियूटी करने के कारण चिकित्सक काफी बिमार पड़ गए हैं। चिकित्सकों की परेशानी को देखते हुए महिला अस्पताल के लिए दो शिशु चिकित्सकों की सीएमओ से लिखित रूप में मांग की गयी है।

**कर्मियों ने बताया एसएनसीयू में कार्य ठप :** जब तक शिशु रोग विशेषज्ञ की तैनाती अस्पताल में नहीं किया जाता, तबतक एसएनसी यूनिट का विधिवत संचालन कर पाना संभ नहीं है। इस संबंध सुखपुरा निवासी पीड़ित प्रसूता पिंकी पत्नी श्याम जी साहनी ने बताया कि 15 दिसंबर को उन्होंने एक बालिका का उसने अस्पताल में जन्म दिया। जिसे देखकर शिशु रोग चिकित्सक ने उसे एसएनसीयू में भर्ती कराने की सलाह दी और जब वो एसएनसीयू में पहुंचे, तो वहां मौजूद स्टाफ ने बताया कि यहां सेवा ठप है। बाध्य होकर निजी नर्सिंग होम स्थित एसएनसीयू नर्सरी में बच्ची को भर्ती कराया गया। जहां आज तक हजारों रुपए नगद देने पड़े।

### अपने बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती करा रहे हैं लोग

अस्पताल में आईं मरीज रशीदि खान निवासी बांसडीह कस्बा ने बताया कि पहले उसे एक बच्चे को जन्म दिया है, जो संक्रमित होने के कारण एसएनसी यूनिट के लिए रेफर किया गया। लेकिन, वहां सेवा ठप होने के कारण निजी चिकित्सालय नर्सरी में भर्ती कराना पड़ा। जहां एक हजार प्रतिदिन के हिसाब से नगद भुगतान करना पड़ा है। एसएनसीयू यूनिट के खराब होने से जिला अस्पताल में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में संक्रमित बच्चे और उनके अभिभावक आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। परंतु स्वास्थ्य विभाग इस संवेदनशील समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण प्रतिदिन दर्जन भर के बच्चों पर मौत का खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या पर समस्त जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के उच्चाधिकारियों का ध्यान देना होगा। ताकि, लोगों को अपने बच्चों को लेकर इधर उधर न जाना पड़े।

## हस्तशिल्प को लेकर महिलाओं को सरकारी योजनाओं से कराया अवगत

**केटी न्यूज/मऊ**

हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अनुसंधान एवं विकास योजना अंतर्गत एक दिवसीय वर्कशॉप व सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ सहायक उपायुक्त जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास सगीर अहमद एवं सहायक आयुक्त उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अरविंद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बनारस से आए सीटीओ शेर सिंह ने कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से हस्तशिल्पयों को अवगत कराया। साथ ही, कार्यक्रम की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए सभी शिल्पियों को जागरूक किया। प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं डिजाइनर संतोष कुमार ने हस्तशिल्प के बारे में उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। ट्रेनर के रूप में अजय गुप्ता, रंजना मौर्य, लालमति आदि ने वलीदपुर समेत आसपास मोहल्लों से आयी कुल 50 महिलाएं सेमिनार में उपस्थित रही।

मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए जिला उद्योग केंद्र मऊ के सहायक उपायुक्त सगीर अहमद ने कहा कि हस्तशिल्पी जो हस्तशिल्प का कार्य कर रहे हैं, उनके लिए यह योजना बहुत ही लाभकारी है। इसमें हस्तशिल्पकारों को ज्यादा से ज्यादा जुड़ना चाहिए। इसमें हस्तशिल्पीओ द्वारा जो प्रोडक्ट तैयार किया जाता है, उसका मूल्यांकन एक टीम द्वारा किया जाता है। अगर वह प्रोडक्ट बहुत ही अच्छा निकलता है, तो उस पर राज्य सरकार द्वारा राज्य पुरस्कार एवं भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार भी उस महिला अथवा पुरुष को इसका लाभ उठाना चाहिए।

## सहायक अभियंता के नेतृत्व में बिजली चेकिंग जेई ने पांच उपभोक्ताओं पर दर्ज कराया मुकदमा

- मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पकड़े गए कई लोग, 48 घरों की हुई चेकिंग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अधीक्षण अभियंता के निर्देशन पर शहर क्षेत्र के महुआबाग, राजागंज, मुफ्तिपुरा, टाउनहाल में मंगलवार को सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में बिजली चेकिंग किया गया। इस दौरान कुल 48 घरों को चेक कर पांच उपभोक्ताओं को मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुए चार लोगों को अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करने में पकड़ा गया। पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ रौजा विजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया।



मीटर की जांच करते जेई

सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि शहर क्षेत्र में चार टीम गठित करके विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 48 घरों की जांच हुई। मौके पर आठ लोगों को मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुए और चार लोगों को अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया। सभी लोगों के खिलाफ विजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। वहीं, 3 लाख रुपए विभाग में बकायेदारों से जमा कराया गया और 13 लोगों का 50 हजार से ऊपर बकाया पर लाइट पोल से डिस्कनेक्ट की गई। उन्होंने बताया की जिसका भी बकाया पर लाइट खुली है, उसको अगर बिना पैसा जमा किए कोई भी उपभोक्ता ने लाइन जोड़ कर विद्युत उपभोग किया तो उनके उपर सीधे एफआईआर दर्ज करके विभागीय विविध कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### हॉकी प्रतियोगिता सेमीफाइनल मैच जीत कर एनईआर वाराणसी ने फाइनल में किया प्रवेश




**गाजीपुर।** गाजीपुर गोल्ड कप मंडल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच डीएचए गाजीपुर और एनईआर वाराणसी के बीच खेला गया। इसमें एनईआर वाराणसी ने डीएचए गाजीपुर को 3-0 से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच अंबुज हॉकी एकेडमी बनाम करमपुर के मध्य खेला गया। जिसमें करमपुर 3-2 विजई रहा और फाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में एनईआर की तरफ से तीन गोल हुआ। वहीं, अम्बुज हॉकी अकेडमी की तरफ से पहला गोल 19वें मिनट में अब्दुल कादिर तथा 22वें मिनट में मुनीश अहमद ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में आशीष सिंह, बृजेश यादव तथा मुहम्मद सफी ने निभाई। उधर टेक्नीकल टेबल मुहम्मद मोइन देश दीपक श्रीवास्तव ने संभाला। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाडी अंबुज श्रीवास्तव, अरविन्द यादव जिला क्रीड़ा अधिकारी, गयासुद्दीन आजाद, नफीस अहमद हॉकी कोच, विवेक कुमार सम्मी, अमरजीत शाहू, अजय विक्रम सिंह, राजेंद्र यादव, मुहम्मद कौनैन, मुहमद शाहिद मुहम्मद इलियास, राजू एवं अन्य खिलाडी एव खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### मोनू सिंह क्रिकेट एकेडमी को हरा न्यू स्पोर्टस्लाइन ने जीता क्रिकेट टूनार्मेंट




**मऊ।** आकाश गुप्ता के हरफनमौला प्रदर्शन से न्यू स्पोर्टस्लाइन ने मोनू सिंह क्रिकेट एकेडमी को 29 रनों से हराया। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कल्पनाथ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित विमला देवी कैश मनी क्रिकेट टूनार्मेंट का आज फाइनल मैच मोनू सिंह क्रिकेट एकेडमी और न्यू स्पोर्टस्लाइन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मोनू सिंह क्रिकेट एकेडमी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यू स्पोर्टस्लाइन पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में 7 विकेट खोकर 168 रन बनाया। जिसमें आकर्ष गुप्ता ने 87 तथा रचित ने 33 रनों का योगदान दिया। मोनू सिंह क्रिकेट एकेडमी की तरफ से कुलदीप ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोनू सिंह क्रिकेट एकेडमी ने 23 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 139 रन ही बना सकी। जिसमें आदित्य ने 46 रन तथा गौरव ने 26 रन का योगदान दिया। स्पोर्टस्लाइन की तरफ से आकाश गुप्ता ने 4 विकेट तथा रचित ने 3 विकेट लिए। फाइनल मैच में आकाश गुप्ता की बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी के चलते उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस टूनार्मेंट में आशुतोष सिंह को मैन ऑफ द सीरीज से पुरस्कृत किया। मैच के निर्णायक भूमिका में अभिषेक एवं पंकज मौर्या थे। समापन कार्य में शारदा नारायण हॉस्पिटल के डॉ. संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, धर्मेंद्र सिंह, क्रिकेट कोच मोहम्मद शाहिद, रिशु शर्मा, ज्ञान प्रकाश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मौर्य, अखंड प्रताप सिंह, शंभू प्रकाश, अमलेश यादव, राहुल यादव, अजय राज, गौरव मौर्या इत्यादि खिलाड़ी उपस्थित रहें।

### ठंड बढ़ने के साथ चितबड़ागांव में ईओ ने जलवाया अलाव, जरूरतमंद रैन बसेरा का उठाएं लाभ



**बलिया।** जनपद में बढ़ते ठंड के मद्देनजर जनपद प्रशासन ने कार्य करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में आदर्श नगर पंचायत चितबड़ागांव बलिया के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने शासन की मंशा के अनुरूप जिला अधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल के निर्देश के क्रम में ठंड को देखते हुए पूरे नगर पंचायत एरिया में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की गई है। बताया जाता है कि अलाव के बाद उन लोगों को काफी राहत मिल रही है खासतौर से गरीब व्यक्तियों को मिल रही है।ईओ अनिल कुमार ने बताया है कि अपने कर्मचारियों के माध्यम से पूरे नगर पंचायत एरिया में अलाव की व्यवस्था की गई है। जिसमें शीघ्र ही गरीबों को कंबल भी वितरण किए जाएंगे। रैन बसेरा की व्यवस्था पहले से ही की गई है, ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। रैन बसेरा में जनरेटर की व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, कंबल चादर तकिया सहित शौचालय की भी व्यवस्था है। इस सहयोग में रवीश कुमार शर्मा बड़ा बाबू के अलावा समस्त कर्मचारीगण लगे हैं।

## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए हो रहे बैनामे की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

# तेजी से कराएं बैनामा, वरना जवाबदेही तय कर होगी कार्रवाई: डीएम

- कहा- सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट, इसमें विलम्ब क्षम्य नहीं

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैरिया क्षेत्र के कानूनगो-लेखपालों संग बैठक कर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए हो रही रजिस्ट्री की समीक्षा की। एक-एक लेखपाल से उनके क्षेत्र में होने वाले बैनामे की जानकारी ली। अपेक्षाकृत बैनामा कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दो टूक कहा कि अब बैनामा में हो रहे विलम्ब पर जवाबदेही तय की जाएगी। प्रगति में तेजी नहीं आयी तो जिम्मेदार सीधे सस्पेंड होंगे। लेखपाल-कानूनगो को जो दैनिक लक्ष्य मिला है, उस हिसाब से रजिस्ट्री कराएं। इस बात का भी विशेष ख्याल रहे कि जिनका बैनामा हो जाता है, उनका तत्काल भुगतान भी हो जाए।



अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की भ्रांतियों को दूर करें। मेरे साथ भी बैठक कराएं, ताकि उनको विस्तृत और स्पष्ट जानकारी देकर तत्काल बैनामा का कार्य सुनिश्चित कराया जा सके। खतौनी सुधार की जहां आवश्यकता है, उस कार्य को भी तत्काल व्यक्तिगत रुचि लेकर करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बैनामा की रिपोर्ट मुझे दी जाए। प्रतिदिन शाम को गूगल मीट के माध्यम से इसकी समीक्षा होगी।

**भुगतान में विलम्ब पर जताई तल्खी :** सदर तहसील क्षेत्र में होने वाली रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान भुगतान में अनावश्यक देरी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। तहसीलदार व लेखपाल-कानूनगो को सख्त चेतावनी दी कि दो दिन के अंदर बैनामा कर चुके काश्तकारों का भुगतान नहीं हुआ तो गम्भीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। बैठक में सीआरओ अनिल अग्निहोत्री, एसडीएम सदर प्रशांत नायक, एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र व सम्बंधित लेखपाल-कानूनगो मौजूद थे।

### एक्सप्रेस-वे के लिए 660 .34 करोड़ का टेंडर

बलिया। गाजीपुर से छपरा तक 117 .12 किमी लंबी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे निर्माण को लेकर एनएचएआई ने प्रक्रिया तेज कर दी है। कुल पैकेज में कार्य को बांटा गया है। इसमें पैकेज संख्या तीन के 660 .34 करोड़ का टेंडर हो चुका है और शेष अन्य पैकेज के भी टेंडर करने की प्रक्रिया चल रही है। टेंडर हुए पैकेज में पिंडारी से रिविलगंज तक 39 किमी सड़क है। उधर, जमीनों के अधिग्रहण को लेकर भी कार्रवाई चल रही है। हालांकि, कई क्षेत्रों में किसानों की ओर से मुआवजा प्रक्रिया को लेकर विरोध भी जारी है। जिला प्रशासन इसे सुलझाने में जुटा हुआ है। जिले को लखनऊ और दिल्ली तक फोरलेन से जोड़ने को लेकर कवायद तेज हो गई है। इसके तहत, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण होना है।